# संकल्प सिद्धि

## ई-बुलेटिन (अर्द्धवार्षिक)

अंक : षष्ठम (जौलाई-दिसम्बर 2023)

# शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

### माधवपुरम, मेरठ (उ०प्र०)

'नैक' द्वारा 'बी⁺' ग्रेड प्रमाणित



# प्राचार्य संदेश



भारत की आजादी के 100 वें वर्ष अर्थात 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के महत्वाकांक्षी संकल्प में शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षकों एवं युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज का युवा वर्ग केवल हमारे समाज का हिस्सा नहीं, बल्कि वह राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण स्तंभ है। उनकी सोच, दृष्टिकोण, ऊर्जा और नवाचार की भावना ही भारत को विकसित भारत बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। महाविद्यालय छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान, उद्यमिता डिजिटल साक्षरता प्रदान करने हेतु प्रयासरत है। साथ ही छात्राओं में मानवीय एवं नैतिक मूल्यों, संवैधानिक मूल्यों एवं कर्तव्यों की भावना जाग्रत करने के उद्देश एवं सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण इत्यादि के प्रति संवेदनशीलता जागृत करने हेतु संकल्पबद्ध है । अपनी इन्हीं भूमिकाओं के निर्वहन से छात्राएँ न केवल एक विकसित भारत के निर्माण में योगदान प्रदान करेंगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी कि विकास समावेशी होगा, जो न केवल विकसित भारत बल्कि खुशहाल भारत का निर्माण करेगा।

मुझे विश्वास है कि आजादी के इस अमृत काल में हम सभी अपनी अपेक्षित भूमिका निभा समाज तथा राष्ट्र निर्माण का पथ प्रशस्त कर विकसित भारत के संकल्प में अपने अपने कृत्यों के आहुति अर्पण करेंगे।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ मैं संकल्प सिद्धि के षष्ठम अंक के प्रकाशन हेतु मुख्य संपादक डॉ० गीता चौधरी एवं संपादक मंडल के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई प्रेषित करती हूँ।

प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह

# सम्पादक की कलम से...



महान शिक्षाविद एवं दार्शनिक स्वामी विवेकानंद ने कहा कि "हम ऐसी शिक्षा चाहते हैं जिससे चरित्र का निर्माण हो, मन की शक्ति बढ़े, बुद्धि का विस्तार हो और जिससे व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो सके।" इन्हीं दार्शनिक विचारों को आत्मसात करते हुए महाविद्यालय इस दिशा में प्रयासरत है कि छात्राओं को उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए ताकि वो आत्मनिर्भर बन जीवन की हर बाधा को पार कर सके। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का लक्ष्य महिलाओं की सक्रिय और सार्थक भागीदारी पर निर्भर करता है जिसमें राष्ट्र के विकास में योगदानकर्ता के रूप में उनकी अपार ऊर्जा परिलक्षित हो सके जो कि केवल और केवल उनकी शिक्षा पर ही निर्भर है। इस संकल्प प्राप्ति हेतु हम सभी शिक्षक इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहें ताकि एक खुशहाल एवं विकसित राष्ट्र का पथ प्रशस्त हो सके।

संकल्प सिद्धि के षष्ठम अंक के प्रकाशन हेतु महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण, कुशल निर्देशन एवं प्रोत्साहन हेतु हार्दिक आभार !

संपादक मंडल के सभी सदस्यों का सहयोग हेतु आभार!

अंत में शिक्षा के संकल्प के माध्यम से समस्त सिद्धियों की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयास ही हमारी प्रेरणा है।

सादर कृतज्ञता समस्त के प्रति !

प्रो० (डॉ०) गीता चौधरी (मुख्य सम्पादक)



विकसित भारत के निर्माण में नवाचार और सृजनशीलता की महत्वपूर्ण भूमिका है । आप सभी छात्राएँ अपनी सोच को विकसित करें, नई चीजें सीखें और नई तकनीकों को अपनाएँ। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई ।

डॉ० ज्योति चौधरी (सह-सम्पादक)



आप सभी छात्राओं का भविष्य और हमारे राष्ट्र का भविष्य एक दूसरे से जुड़े हुए हैं । अपनी शिक्षा को गम्भीरता से लें, नए कौशल सीखें और हम सब मिलकर एक विकसित, समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाएं । इन्हीं शुभकामनाओं के साथ संकल्प सिद्धि के प्रकाशन की हार्दिक बधाई प्रेषित करती हूँ ।

डॉ० डेजी वर्मा (सह-सम्पादक)

## आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ



महविद्यालय की महत्वपूर्ण प्रशासनिक इकाई, आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकाष्ठ, शिक्षा, शिक्षण अधिगम एवं मूल्यांकन में गुणवत्ता निश्चयन हेतु संकल्पित है। इस हेतु दिनांक 25.11. 2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं आई० क्यू० ए० सी० समन्वयक डॉ० लता कुमार के निर्देशन एवं बाह्य सदस्य श्री शुभेन्द्र मित्तल, डायरेक्टर मित्तल इंजीनियरिंग वर्क्स, श्री प्रितीश कुमार, पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब, श्री राजकुमार और श्री कुलदीप शर्मा की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक में शिक्षा, शोध के विभिन्न आयामों पर चर्चा के सारगर्भित परिणामों से आगामी गतिविधियों को सार्थक दिशा मिलेगी। बैठक में अभिभावकों, पुरातन छात्राओं एवं वर्तमान छात्राओं ने भी अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। बैठक में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थिति रहे।

## वन महोत्सव एवं वृहद वृक्षारोपण




दिनांक 01.07.2023 को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता में शासन द्वारा आयोजित योजना वन महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान (1 जुलाई से 7 जुलाई 2023) का शुभारंभ एन०सी०सी० इकाई की प्रभारी लेफ्टिनेंट प्रो० लता कुमार और ईकोरेस्टोरेशन क्लब के प्रभारी डॉ० एस० पी० एस० राणा के नेतृत्व में किया गया। इसी क्रम में दिनांक 22.07.2023 को शासन के निर्देश के अनुसार वृक्षारोपण अभियान का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें प्राध्यापकों व शिक्षेणतर कर्मचारियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में जियो टैगिंग के साथ पौधारोपण किया गया। इस आयोजन में एन०सी०सी०, एन०एस०एस० (प्रथम व द्वितीय इकाई) क्रांति रेंजर्स एवं इकोरेस्टोरेशन क्लब ने पूर्ण मनोयोग से सहभागिता की और महाविद्यालय को कुल 1000 पौधों को आरोपित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ।

## जल संरक्षण पर कार्यशाला : पानी पंचायत का आयोजन



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं जल संरक्षण समिति समन्वयक डॉ० लता कुमार के निदशन में भूजल सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 22.07.2023 को समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण पर एक कार्यशाला पानी पंचायत का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने छात्राओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और अपने दिन प्रतिदिन के जीवन में जल संरक्षण के तरीके बताएं। मुख्य वक्ता के रूप में सारथी संस्था की अध्यक्ष कल्पना पाण्डे उपस्थित रही। कार्यक्रम में प्रो० अनीता गोस्वामी, प्रो० गीता चौधरी, प्रो० मोनिका चौधरी, डॉ० मनीषा भूषण आदि ने सक्रिय योगदान दिया।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर




एन०सी०सी० वार्षिक प्रशिक्षण शिविर दिनांक 20-29 जुलाई में महाविद्यालय इकाई ने अनुशासन में पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने एन०सी०सी० प्रभारी डॉ० लता कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दिनांक 06.12. 2023 को महाविद्यालय में डॉ० भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर एन०सी०सी० प्रभारी डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने डॉ० भीमराव अंबेडकर के योगदान की चर्चा करते हुए उन्हें सामाजिक समरसता का नायक बताया और छात्राओं को उनके विचारों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया।

**थोड़ा सा अभ्यास बहुत सारे उपदेशों से बेहतर है । -महात्मा गांधी**

## स्वतंत्रता दिवस समारोह



दिनांक 15.08.2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ के प्रांगण में 77वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ। तत्पश्चात समस्त अध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने देशभक्ति के नारों से प्रांगण को गुंजायमान कर दिया। शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा, प्रयागराज के संदेश का वचन कार्यक्रम की संयोजिका डॉ० पूनम भंडारी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया ने सभी स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को स्मरण करते हुए उनके प्रति सम्मान अर्पित किया। कार्यक्रम में छात्राएं, समस्त प्राध्यापक और शिक्षेणतर कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त एन०सी०सी० कैडेट्स, रेंजर्स और एन०एस०एस० स्वयं सेविकाओं ने पुलिस लाइन में आयोजित स्वतंत्रता दिवस आयोजन में भी सहभागिता की। इसी अवसर पर डॉ० रंजन कुमार के नेतृत्व में चित्रकला विभाग द्वारा एक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद



उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण अभियान राज्य सड़क सुरक्षा परिषद के अंतर्गत दिनांक 18.07.2023 को सड़क सुरक्षा प्रथम पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह का आयोजन प्रो० लता कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की उपस्थिति में छात्राओं को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में दिनांक 31.10.2023 को सड़क सुरक्षा क्लब की मासिक गतिविधियों के अंतर्गत क्रांति रेंजर्स के तत्वावधान में "सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम जन जागृति से ही संभव है" विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन क्रातिं रेंजर लीडर प्रो० अनुजा गर्ग के द्वारा किया गया। दिनांक 08.11.2023 को शासन की मंशा अनुसार महाविद्यालय की नोडल अधिकारी प्रो० लता कुमार के निर्देशन में बी०एड० विभाग द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शासन की मंशा के अनुरूप द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा (दिनांक 15 दिसंबर 2023 से 31 दिसंबर 2023) के अंतर्गत दिनांक 22.12.2023 को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई द्वितीय) के संयोजन में स्थानीय मलिन बस्तियों में एक सड़क सुरक्षा संबंधी रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एन०एस०एस० के सदस्य डॉ० मोनिका चौधरी, डॉ० ज्योति चौधरी, डॉ० अरविंद कुमार, डॉ० पूनम भंडारी व डॉ० डेजी वर्मा उपस्थित रहे।

## नव प्रवेशित छात्रा हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम



महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं मुख्य शास्ता डॉ० लता कुमार के निर्देशन में नव प्रवेशित छात्राओं हेतु दिनांक 08.09.2023 को अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजन किया गया। दिनांक 07.11.2023 को बी०एड० विभाग मे भी नव प्रवेशित छात्राओं हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता हेतु अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प आवश्यक है।

## नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम



दिनांक 14.10.2023 से दिनांक 06.12.2023 तक प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं आई०सी०टी० व कम्प्यूटर प्रशिक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक माह के नि:शुल्क कम्प्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग तकनीकी का युग है इसलिए छात्राओं को कम्प्यूटर की जानकारी होना अनिवार्य है। दिनांक 08.12.2023 को इस कार्यक्रम के समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डॉ० आशीष पाठक, सहसंयोजक डॉ० ऋचा राणा एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ० गौरव कुमार का विशेष सहयोग रहा।

**उस शिक्षा का क्या मूल्य है जो हमारे अंदर गलत को सही करने का जुनून और निडरता ना पैदा कर सके। —किरण बेदी**

## शिक्षक दिवस



शिक्षक दिवस पर्व के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता मे बी०एड० विभाग के द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने मां सरस्वती एवं डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, छात्राओं के द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ० भावना सिंह, डॉ० शालिनी सिंह, डॉ० ऋचा राणा, डॉ० गौरव का विशेष योगदान रहा।

## शैक्षिक भ्रमण



डॉ० रतन सिंह के नेतृत्व में दिनांक 19.12.2023 को बी०एड० विभाग के द्वितीय वर्ष की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हेतु देहरादून ले जाया गया। छात्राओं ने एफ०आर०आई० वानिकी शोध संस्थान, पैथोलॉजी, सिल्वीकल्चर इमारती लकड़ी, गैर लकड़ी वन उत्पादन और कीट विज्ञान पर आधारित 6 संग्रहालयों का अवलोकन किया। शैक्षिक भ्रमण को सफल बनाने हेतु बी०एड० प्रभारी डॉ० भावना सिंह, डॉ० शालिनी सिंह, डॉ० ऋचा राणा एवं डॉ० गौरव का विशेष सहयोग रहा। दिनांक 20.12.2023 समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं इतिहास विभाग की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हेतु गगोल तीर्थ ले जाया गया। जहाँ छात्राओं ने धार्मिक स्थल के महत्व को जाना एवं सफाई अभियान चलाकर नागरिकों को जागरूक किया।



## संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस

दिनांक 31.10.2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं विभाग प्रभारी डॉ० अनुजा गर्ग के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के उपलक्ष्य में राजनीति विज्ञान विभाग ने संयुक्त राष्ट्र संघ से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने उल्लेखनीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई दी एवं अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु उत्साहित किया।



## ''श्री विद्या : संकल्प विद्या दान का''



दिनांक 05.09.2023 को शिक्षक पर्व के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं डॉ० गीता चौधरी व डॉ० भारती शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव जुर्रानपुर में "संकल्प सामुदायिक उत्तरदायित्व का" कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं की शिक्षा प्रोत्साहन हेतु एस०डी०के० हाई स्कूल जुर्रानपुर में "श्री विद्या: संकल्प विद्या दान का" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० अंजू सिंह, प्रो० भारती दीक्षित, प्रो० अनुजा गर्ग, प्रो० मंजू रानी, प्रो० मोनिका चौधरी, प्रो० अनीता गोस्वामी, प्रो० गीता चौधरी, डॉ० भारती शर्मा, डॉ० मनीषा भूषण, डॉ० शबीना परवीन एवं डॉ० रिचा राणा ने ग्राम जुर्रानपुर के एस०डी०के० हाई स्कूल, जुर्रानपुर की ग्यारह बालिकाओं की फीस एवं शिक्षा संबंधी अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति का संकल्प लिया था। जिसके प्रयोजनार्थ हेतु प्रत्येक प्राध्यापक द्वारा चयनित बालिका को शिक्षा हेतु फीस एवं अन्य आवश्यकताओं हेतु 6000 रू० का चेक प्रदान किया गया। प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने आरोही पुत्री श्री अजय कुमार, प्रो० भारती दीक्षित ने वैशाली पुत्री श्री टेकचंद, प्रो० अनुजा गर्ग ने मानसी पुत्री ललित पाल, प्रो० मंजू रानी ने आद्या पुत्री श्री राहुल त्यागी, प्रो० मोनिका चौधरी ने नव्या पुत्री श्री सोनू कुमार, प्रो० अनीता गोस्वामी ने हिमांशी पुत्री भूपेंद्र कुमार, प्रो० गीता चौधरी ने दीपिका पुत्री श्री राम प्रसाद डॉ० भारती शर्मा ने संध्या पुत्री श्री ललित कुमार, डॉ० मनीष भूषण ने सुमाइला पुत्री जलालुद्दीन डॉ० शबीना परवीन ने तूबा पुत्री जाकिर एवं डॉ० रिचा राणा ने अवनी पुत्री श्री अशोक कुमार को 6000 रू० का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने शिक्षकों को बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु इस कार्य की प्रशंसा करते हुए सभी प्राध्यापक को बधाई दी ।



**हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जिससे चरित्र बने, मानसिक विकास हो, बुद्वि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके । -स्वामी विवेकानंद**

## संविधान दिवस




दिनांक 28.11.2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं विभाग प्रभारी डॉ० अनुजा गर्ग के नेतृत्व में राजनीतिक विज्ञान विभाग में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ० आर० सी० सिंह राजनीतिक विज्ञान विभाग के द्वारा संविधान के उद्देश्य का वाचन किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई शपथ सभी शिक्षकों एवं उपस्थित छात्राओं को दिलाई, संविधान की स्कैंड कॉपी का अवलोकन किया तथा छात्राओं को संविधान के नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस




दिनांक 14.12.2023 को आई०क्यू०ए०सी० एवं भौतिक विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ० ज्योति चौधरी के नेतृत्व में "ऊर्जा संरक्षण: आज के समय की अनिवार्यता" विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग लिया। आई०क्यू०ए०सी० समन्वयक प्रो० (डॉ०) लता कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न विकल्पों से अवगत कराया तथा भविष्य में अपने दैनिक कार्यों के माध्यम से ऊर्जा को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर भौतिक विज्ञान प्रभारी डॉ० राजीव कुमार तथा डॉ० डेजी वर्मा का विशेष योगदान रहा ।

## राष्ट्रीय सेमिनार ''अमृत महोत्सव से अमृत काल तक जाने की राष्ट्रके रूप में हमारी यात्रा के बदलते आयाम : परिवर्तन उपलब्धियाँ एवं अग्रसरित मार्ग''




दिनांक 15 -16 दिसंबर 2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता , सेमिनार की समन्वयक डॉ० भारती दीक्षित एंव आयोजन सचिव डॉ० पूनम भण्डारी के नेतृत्व में महाविद्यालय में एक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार विषय "अमृत महोत्सव से अमृत काल तक जाने की राष्ट्र के रूप में हमारी यात्रा के बदलते आयाम : परिवर्तन, उपलब्धियां एवं अग्रसरित मार्ग" का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ० हर्षवर्धन त्रिपाठी, सीनियर पत्रकार, नई दिल्ली, अतिथि वक्ता प्रो० रवि शंकर, डायरेक्टर सेंटर फॉर सिविलाइजेशन नई दिल्ली, विशिष्ट अतिथि प्रो० गुलाब सिंह रुहेल, अध्यक्ष खेल विभाग चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ० ज्ञान प्रकाश वर्मा उपस्थित रहे। समापन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो० रविंद्र कुमार अर्थशास्त्र विभाग चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा मुख्य अतिथि प्रो० संजीव कुमार शर्मा, राजनीतिक विज्ञान विभाग चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय उपस्थित रहे ।

## स्वीप (सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता)



दिनांक 06.11.2023 को शासन के द्वारा आयोजित योजना "सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता" के अंतर्गत प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता, मुख्य विकास अधिकारी मेरठ नूपुर गोयल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर गामिनी सिंगला एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ० मेघराज सिंह के नेतृत्व में एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्वीप, एन०सी०सी०, एन०एस०एस० और रेंजर्स की सभी छात्राओं एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने रैली में प्रतिभागिता की। दिनांक 16.11.2023 को स्वीप एवं बी०एड० विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डॉ० शालिनी सिंह के नेतृत्व में विषय "मतदाता जागरूकता" पर पोस्टर प्रतियोगिता, स्वीप, क्रांति रेंजर तथा एन०सी०सी० के संयुक्त तत्वावधान में डॉ० लता कुमार, डॉ० अनुजा गर्ग, डॉ० गीता चौधरी, डॉ० मोनिका चौधरी के निर्देशन में एक मतदाता जागरूकता रैली, दिनांक 18.12.2023 को बी०एड० विभाग की डॉ० ऋचा राणा के निर्देशन में विषय "मतदाता जागरूकता" पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं दिनांक 21.12.2023 को स्वीप के अंतर्गत एन०एस०एस० (प्रथम इकाई) की प्रभारी डॉ० स्वर्ण लता कदम के निर्देशन में एक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**जो पुस्तके हमें सोचने के लिए विवश करती हैं वह हमारी सबसे अच्छी सहायक है । -जवाहरलाल नेहरू**

## विकसित भारत योजना @ 2047




शासन द्वारा चलाई जा रही "विकसित भारत योजना 2047" के अंतर्गत प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण में दिनांक 21.12.2023 को एन०एस०एस० प्रथम इकाई प्रभारी डॉ० स्वर्ण लता कदम के निर्देशन में विषय "विकास की ओर बढ़ता भारत" पर एक क्विज प्रतियोगिता, दिनांक 22.12.2023 को प्रो० लता कुमार के निर्देशन में एन०सी०सी० इकाई द्वारा एक रैली एवं दिनांक 23.12.2023 को डॉ० अनुजा गर्ग एवं डॉ० पूनम भण्डारी के निर्देशन में क्रांति रेंजर्स व एन०एस०एस० द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विषय "विकसित भारतः बदलता भारत" पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय गणित दिवस




दिनांक 22.12.2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं गणित विभाग प्रभारी डॉ० अमित कुमार के नेतृत्व में गणित विभाग में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर डॉ० सोशल, डॉ० शरद पंवार एवं विभाग की सभी छात्राएं उपस्थित रहीं ।

## राष्ट्रीय एकता दिवस

दिनांक 31.10.2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० भारती दीक्षित के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस के शुभ अवसर पर एकता दौड़ एवं एकता शपथ का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग लिया। आयोजन में प्रो० मंजू रानी का सहयोग रहा ।




## सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ




प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० भारती दीक्षित के नेतृत्व में महाविद्यालय की सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ व सूचना एवं मंत्रणा केंद्र, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ तथा चाणक्य आई०ए०एस० एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को आई०ए०एस० एंव पी०सी०एस० परीक्षा की तैयारी के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा छात्राओं को इन प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया गया।

## बी०एड० विभाग

दिनांक 22.12.2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण में बी०एड० विभाग के द्वारा द्वितीय वर्ष की छात्राओं को अनिवार्य सत्रीय गतिविधि सामुदायिक कार्य के अंतर्गत डॉ० आशीष पाठक, प्रभारी सामुदायिक कार्य, ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, उसकी आवश्यकता एवं महत्व पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। तत्पश्चात पर्यावरण संरक्षण हेतु एक रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में सामुदायिक कार्य के अंतर्गत छात्राओं ने 100 से अधिक पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर डॉ० मंजू रानी, डॉ० पारुल मालिक, डॉ० दीपा गुप्ता, डॉ० रतन सिंह, डॉ० ऋचा राणा एवं डॉ० गौरव कुमार का विशेष सहयोग रहा।



**देश का सबसे अच्छा दिमाग क्लास रूम की आखिरी बेंचों पर मिल सकता है । -डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम**

## यू०जी०सी० एवं शोध प्रकोष्ठ



दिनांक 16.09.2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं प्रो० गीता चौधरी के नेतृत्व में यू०जी०सी० एवं शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मंथन शोध संवाद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में "शोध की प्रासंगिकता, संभावनाएं एवं चुनौतिया" विषय पर संवाद का आयोजन किया गया। द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन श्री कृष्ण यादव ने किया। यू०जी०सी० एवं शोध प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो० गीता चौधरी ने सभी शोधार्थियों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रो० अनुजा गर्ग, प्रो० मंजू रानी, प्रो० मोनिका चौधरी, प्रो० सुधारानी सिंह, प्रो० स्वर्ण लता कदम, डॉ० भारती शर्मा, डॉ० आर० सी० सिंह, डॉ० अमित कुमार, डॉ० वैभव शर्मा, डॉ० शालिनी सिंह, डॉ० गौरी गोयल, डॉ० राजकुमार, डॉ० मनीषा भूषण आदि उपस्थित रहे।

## गांधी जयन्ती



दिनांक 02.10.2023 महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह द्वारा ध्वजारोहण एवं दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण के पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह ने प्राचार्य महोदया ने अपने उद्‌बोधन में महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। अंत में श्री रामधुन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। तत्पश्चात एन०सी०सी० एवं एन०एस०एस० के सहयोग से वृक्षारोपण एवं श्रमदान किया गया ।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल जयन्ती




दिनांक 29.10.2023 को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं डॉ० अनीता गोस्वामी के निर्देशन में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में विषय "योगदान स्वतंत्र भारत एवं सरदार वल्लभभाई पटेल का" पर प्रश्नोत्तरी व विषय "लौह पुरुष के योगदान को इतिहास ने उचित स्थान नहीं दिया" पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## आई०आई०सी०



दिनांक 21.08.2023 को इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में "ऑर्गेनाइजेशन इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप आउटरीच प्रोग्राम इन स्कूल/कम्युनिटी एक्टिविटी" के अंतर्गत प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रो० (डॉ०) गीता चौधरी एवं प्रकोष्ठ संयोजक डॉ० पूनम भण्डारी के निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं को फैक्ट्री भ्रमण हेतु ए०वी०एस० स्पोर्ट्स फैक्ट्री माधवपुरम दिल्ली रोड ले जाया गया। कार्यक्रम संयोजक गौरव ने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनका एंटरप्रेन्योरशिप हेतु मार्गदर्शन किया। दिनांक 06.11.2023 को डॉ० कुमकुम के निर्देशन में वेस्ट टू वेल्थ प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। दिनांक 13.12.2023 को प्राचार्य प्रो० डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवं इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आई०आई०सी०) के तत्वावधान में महाविद्यालय की छात्राओं को एम०ओ०यू० के अंतर्गत शोभित विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर के भ्रमण पर ले जाया गया। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर प्रो० अनीता गोस्वामी के नेतृत्व में बी०एस०सी० एवं बी०ए० की छात्राओं ने विभिन्न प्रायोगशालाऐं जैसे बायोटेक्नोलॉजी, बायोमेडिकल तथा एग्रीकल्चर से संबंधित का अवलोकन किया।

शिक्षा का कार्य गहराई से और गंभीर रूप से सोचना सीखना है। बुद्धिमता के साथ चरित्र यही सच्ची शिक्षा का लक्ष्य है। -मार्टिन लूथर किंग जूनियर

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला



दिनांक 04.09.2023 से 10.09.2023 तक प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० गौरी और डॉ० कुमकुम के नेतृत्व में एन० सी०आर०टी०सी० रेपिड एक्स ट्रेन मेरठ के तहत एवं एशियन डेवलपमेंट बैंक के द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्नातक व स्नातकोत्तर की 40 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशला का प्रमुख उद्देश्य है कि आपात स्थिति अथवा अटैक की स्तिथि में छात्राएं स्वयं की रक्षा कर सके। कोच श्री संजय जी, सी०आई०एस०एफ०, एस०एस०जी०, ग्रेटर नोएडा एवं राजेश्वरी जी द्वारा छात्राओं को बहुत ही सुंदर एवं सार्थक प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने कहा की छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी जरूरी है।

## प्रसार व्याख्यान



महाविद्यालय की छात्राओं को परम्परागत विषयों के अतिरिक्त अन्य समसामयिक राष्ट्रीय एवं वैश्विक विषयों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में, शोध एवं प्रसार व्याख्यान माला समिति का गठन किया गया, जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं संयोजिका डॉ० मोनिका चौधरी के नेतृत्व में महाविद्यालय में विषय विशेषज्ञों द्वारा ज्वलन्त विषयों से सम्बन्धित व्याख्यान प्रस्तुत किये गये। जिसके अंतर्गत दिनांक 19.09.2023 को विषय "स्वच्छता पोषण" पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ० मोनिका कश्यप एल०एल०आर०एम० मेडिकल कॉलेज मेरठ रही।

## विश्व एड्स दिवस




दिनांक 01.12.2023 को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण में महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर छात्राओं को एड्स से संबंधित जानकारी एवं बचाव के बारे में बताया, जिसका संचालन डॉ० लता कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा प्रांगण में एड्स वाले टैग लगाकर एड्स जागरूकता का संदेश सभी को दिया।

## शिक्षक अभिभावक संघ समिति



महाविद्यालय में सत्र 2023-24 में शिक्षक एवं अभिभावकों में समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से शिक्षक -अभिभावक संघ समिति का गठन किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण तथा डॉ० मोनिका चौधरी के नेतृत्व में दिनांक 30.09.2023 को शिक्षक-अभिभावक संघ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मीटिंग में महाविद्यालय के सभी संकायों कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी०एड० की 60 छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया तथा महाविद्यालय से जुड़े विभिन्न पक्षों को मंच से साझा किया। छात्राओं और उनके अभिभावकों ने महाविद्यालय के पुस्तकालय, वाचनालय, शौचालय, कक्षा-कक्ष, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, अनुशासन, साइकिल-स्टैंड, पार्किंग सुविधा, एंटी-रैगिंग, साफ सफाई, हरियाली, खेलकूद आदि की व्यवस्था पर ना सिर्फ अपने पक्ष रखें बल्कि प्रशंसा करते हुए कुछ सुझाव भी दिए।

## पुरातन छात्रा सम्मेलन



महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण तथा डॉ० सुधा रानी सिंह के नेतृत्व में दिनांक 07.10.2023 को पुरातन छात्रा सम्मलेन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकायों कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी०एड० संकाय की ऐसी पुरातन छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जो वर्तमान में सार्वजानिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में विभिन्न पदों को सुशोभित कर रही हैं । पुरातन छात्राओं ने कॉलेज से जुड़ी यादों को ताजा किया साथ ही पुरातन छात्रा परिषद का पुनर्गठन भी किया गया, जिसमें मीनू साहनी अध्यक्ष, अंकिता उपाध्यक्ष, श्रुति अग्रवाल कोषाध्यक्ष, शालिनी को सचिव, प्रीति को सहसचिव व सविता को सदस्य बनाया गया।

**भविष्य में रचनात्मकता सफलता की कुंजी है और प्राथमिक शिक्षा वह है जहां शिक्षक उच्च स्तर पर बच्चों में रचनात्मकता ला सकता है ।-डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम**

## साइबर स्वास्थ्य क्लब



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण तथा साइबर स्वास्थ्य समिति प्रो० लता कुमार के निर्देशन में दिनांक 21.11.2023 को साइबर स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में विषय साइबर अपराध एवं सुरक्षा पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए क्या कहा कि साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने से ही हम साइबर फ्रॉड पर नियंत्रण पा सकते हैं। कार्यक्रम में डॉ० रिचा राणा एवं गौरव का विशेष योगदान रहा।

## फैशन शो का आयोजन



दिनांक 06.12.2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० मोनिका चौधरी व डॉ० पूनम भण्डारी के नेतृत्व में रोटरी क्लब मेरठ स्टार के सहयोग से सिंगर सिलाई कौशल केंद्र की छात्राओं द्वारा एक फैशन शो का आयोजन किया गया। सिंगर इंडिया की प्रमुख अल्पना सरना द्वारा छात्रों को सम्मानित किया गया एवं रोटरी क्लब द्वारा छात्राओं को सिंगर सिलाई कोर्स सर्टिफिकेशन से सम्मानित किया गया।

## महिला प्रकोष्ठ




विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। जिसका उद्देश्य छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों को शिक्षा एवं शिक्षण हेतु सम्मानजनक एवं अनुकूल वातावरण प्रदान करना एवं छात्राओं के संपूर्ण विकास हेतु शैक्षणिक, तकनीकी, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक और अन्य संबंधी मुद्दों पर कार्यक्रम का आयोजन करना है, साथ ही प्रकोष्ठ किसी भी प्रकार की शिकायत एवं समस्या के निवारण हेतु संकल्पित है। इसके अंतर्गत  प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण तथा डॉ० सुधा रानी सिंह के नेतृत्व में दिनांक 25.08.2023 को सैनिकों के लिए राखी बनाओ प्रतियोगिता, दिनांक 26.08.2023 को महिला समानता दिवस पर जन जागरूकता रैली, दिनांक 30.09.2023 को कानूनी अपराधों के प्रति महिला जागरूकता विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

## आजादी का अमृत महोत्सव



शासन द्वारा चलाए जा रहा कार्यक्रम "मेरी माटी मेरा देश" के अंतर्गत प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण तथा डॉ० अनीता गोस्वामी के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में दिनांक 12.08.2023 को "वीरो को वंदन" कार्यक्रम में ग्राम धनौली जनपद हापुड़ में जन्मे अमर शहीद सतपाल सिंह की धर्मपत्नी बबीता देवी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में 13.08.2023 को डॉ० कुमकुम तथा डॉ० गौरी के निर्देशन में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत झांकी को वॉल मैगजीन में छात्राओं द्वारा सजाया गया तथा डॉ० सुधा रानी सिंह के नेतृत्व में मिट्टी के कलश यात्रा, दिनांक 14.08.2023 को विभाजन विभीषीका स्मृति दिवस मनाया गया।

## हिन्दी दिवस



दिनांक 14.09.2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण व डॉ० सुधारानी सिंह के नेतृत्व में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। डॉ० सुधारानी सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिंदी के प्रयोग में शर्म नहीं बल्कि गर्व का अनुभव होना चाहिए।

**ज्ञान ही शक्ति है, सूचना मुक्ति है, शिक्षा हर समाज में, हर परिवार में प्रगति का आधार है । -कोफी अन्नान**

## स्वर साम्रागी लता मंगेशकर के जन्म दिवस



दिनांक 27.09.2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण तथा डॉ० राधारानी व डॉ० शालिनी वर्मा के नेतृत्व में संगीत विभाग द्वारा स्वर साम्रागी लता मंगेशकर जी के जन्म दिवस पर उनके गीतों पर आधारित एक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 19 छात्राओं ने लता जी के गीतों का गायन किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना



महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में डॉ० स्वर्णलता कदम एवं डॉ० पूनम भण्डारी के नेतृत्व में दिनांक 19.11.2023 से दिनांक 25.11.2023 तक कौमी एकता सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने पोस्टर स्लोगन एवं रंगोली इत्यादि प्रतियोगिताओं के माध्यम से साम्प्रदायिक सद्भाव का संदेश साझा किया। दिनांक 16.10.2023 को मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन कराया गया ।

## स्मार्ट फोन वितरण समारोह

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी डॉ० राकेश कुमार ढल के नेतृत्व में दिनांक 03.11.2023 को महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि माधवपुरम के सभासद श्री दीपक वर्मा के द्वारा 381 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया।




## महाविद्यालय का गौरव





दिनांक 18.10.2023 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के 35वें दीक्षांत समारोह में महाविद्यालय की तीन छात्राओं ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए, राजनीति विज्ञान विभाग से रुखसार, संगीत विभाग से श्रुति अग्रवाल और शारीरिक शिक्षा विभाग से कु० उर्वशी सिंघल ने परास्नातक कक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं महामहिम राज्यपाल के हाथों से स्वर्ण पदक प्राप्त किया बहुत ही हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय की छात्र कुमारी नंदिनी भारती ने समाजशास्त्र विषय में तथा चित्रकला विभाग के छात्र कुमारी नजमा ने भी परास्नातक कक्षाओं में विश्वविद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## अंतर्महाविद्यालय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता



दिनांक 28.12.2023 को एम० एम० एच० कॉलेज गाजियाबाद में आयोजित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की अंतर्महाविद्यालय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय की एम० ए० शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्रा कु० भावना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

## अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस



दिनांक 03.07.2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० कुमकुम के निर्देशन में महाविद्यालय में मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए अभियान के क्रम में अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया ।

## एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन



दिनांक 09.09.2023 को प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण में महाविद्यालय एवं राजा महेंद्र प्रताप लाइब्रेरी, चौधरी चरण सिंह मेरठ एवं के संयुक्त तत्वावधान में "लाइब्रेरी रिसोर्सेस फॉर टीचिंग एंड रिसर्च" विषय पर एकदिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें प्रो० जे० ए० सिद्दीकी डिप्टी लाइब्रेरियन, सी०सी०एस० यूनिवर्सिटी मेरठ एवं श्री डी० पी० त्रिपाठी डिप्टी लाइब्रेरियन, NIT जालंधर ने विषय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आयोजन डॉ० एस० पी० राणा, डॉ० भारती शर्मा एवं डॉ० गौरी के निर्देशन में किया गया ।

## स्वच्छता अभियान




स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है। हर एक नागरिक को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का प्रयास करना अति आवश्यक है चाहे वह उसका घर हो, उसका पड़ोस हो, उसका कार्य स्थल या उसका समुदाय हो। एक स्वच्छ वातावरण हमारे शरीर को स्वच्छ रखने के साथ-साथ हमें मानसिक तथा भावनात्मक स्वास्थ्य भी प्रदान करता है। सरकार ने भी अपने विभिन्न अभियानों के द्वारा जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी उद्देश्य के साथ महाविद्यालय परिसर तथा उसके आसपास को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से महाविद्यालय में भी स्वच्छता समिति का गठन किया गया, जिसमें सदस्यों के रूप में डॉ० जितेद्र बालियांन, डॉ० उषा साहनी तथा डॉ० शबीना परवीन ने अपने-अपने दायित्वों का पालन किया। समिति का उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना तथा साथ ही साथ अध्यापकों तथा महाविद्यालय के कर्मचारी वर्ग को उनके स्वच्छता के प्रति दायित्वों को निभाने के लिए जागरूक करने का प्रयास करना रहा। समिति द्वारा यह बताने का प्रयास किया गया कि हम अपने महाविद्यालय परिसर को छोटे-छोटे कार्यों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर कचरा ना फेंक कर वरना निश्चित कूड़ेदान में फेंककर, ऊर्जा का संरक्षण करके, पानी के व्यर्थ बहाव को रोककर, प्लास्टिक व उससे बने उत्पादों का प्रयोग ना करके वातावरण को शुद्ध तथा प्रदूषण को कम करने का प्रयास कर सकते हैं। इस दिशा में स्वच्छता समिति ने अपना अमूल्य योगदान देते हुए महाविद्यालय को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमें अज्ञानता और गरीबी से युद्ध लड़ने की क्षमता प्रदान करती है। -चार्ल्स बी० रंगेल

# आगामी गतिविधियां

## जनवरी

- 10 जनवरी - विश्व हिन्दी दिवस
- 12 जनवरी - युवा दिवस स्वामी विवेकानन्द जयन्ती
- 12 से 15 जनवरी - युवा सप्ताह (विविध प्रतियोगिताएं)
- 15 जनवरी - थल सेना दिवस
- 23 जनवरी - पराक्रम दिवस/नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती
- 24 जनवरी - उत्तर प्रदेश दिवस/राष्ट्रीय बालिका दिवस
- 25 जनवरी - मतदाता जागरूकता दिवस
- 26 जनवरी - गणतन्त्र दिवस
- 29 जनवरी - कुष्ठ निवारण दिवस
- 30 जनवरी - शहीद दिवस

## फरवरी

- 1 से 15 फरवरी - साइबर स्वच्छता पखवाड़ा
- 2 फरवरी - एक दिवसीय व्याख्यान
- 8 फरवरी - सुरक्षित इंटरनेट दिवस
- 13 फरवरी - राष्ट्रीय महिला दिवस
- 15-16 फरवरी - वार्षिक क्रीड़ा समारोह
- 19 से 21 फरवरी - रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर
- 20 फरवरी - विश्व सामाजिक न्याय दिवस
- 21 फरवरी - अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस
- 24 फरवरी - संत रविदास जयन्ती
- 28 फरवरी - राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

## मार्च

- 1 मार्च - आई० क्यू० ए० सी० की द्वितीय बैठक
- 4 मार्च - शिक्षक अभिभावक सम्मेलन द्वितीय
- 8 मार्च - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
- 15 मार्च - पुरातन छात्रा सम्मेलन द्वितीय
- 20 मार्च - विश्व खुशहाली दिवस/विश्व गोरैया दिवस
- 22 मार्च - विश्व जल संरक्षण दिवस

## अप्रैल

- 1 अप्रैल - वार्षिकोत्सव
- 7 अप्रैल - विश्व स्वास्थ्य दिवस
- 13 अप्रैल - जलियां वाला बाग हत्याकांड स्मृति दिवस
- 14 अप्रैल - डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती
- 22 अप्रैल - पृथ्वी दिवस
- 23 अप्रैल - विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस

## मई

- 1 मई - मजदूर दिवस
- 10 मई - क्रांति दिवस
- 15 मई - अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस
- 22 मई - महाराणा प्रताप जयन्ती/ अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस
- 25 मई - विश्व मलेरिया दिवस
- 31 मई - विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

## जून

- 05 जून - विश्व पर्यावरण दिवस
- 14 जून - विश्व रक्त दान दिवस
- 21 जून - अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
- 29 जून - आई०क्यू०ए०सी० की तृतीय बैठक

**शिक्षा ना केवल अवसर की एक पीढ़ी है बल्कि यह हमारे भविष्य में एक निवेश भी है । -ऐड मार्के**

# @ महाविद्यालय सुर्खियाँ......



हर्ष और उत्साह के साथ हिंदी दिवस मनाया

सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देने को रैली निकाली

रोड सेफ्टी क्लब द्वारा 17 जुलाई 2023 से 31 जुलाई 2023 तक मनाया जा रहा है 'सड़क सुरक्षा पखवाड़ा'

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय पीजी महिला कॉलेज मेरठ में वन महोत्सव के दृष्टिगत एनसीसी इकाई और इको रेस्टोरेशन क्लब द्वारा पौधारोपण अभियान आरंभ किया गया। महाविद्यालय का एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (प्रो.) लता कुमार और इको-रेस्टोरेशन क्लब प्रभारी डॉ. एसपी राणा, डॉ. कुमकुम द्वारा किया गया।

कालेज में एक हजार पौधे रोपे

महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के सर्वांगीण विकास... "कानूनी अधिकारों के प्रति महिला जागरूकता" विषय पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराई गई।

शहीद मंगल पांडे राजकीय महाविद्यालय हिंदी विभाग द्वारा बड़े ही हर्ष के साथ हिंदी दिवस मनाया

श० मं० पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण समारोह

छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए

शहीद मंगल पांडेय कॉलेज में स्मार्टफोन के साथ छात्राएं एवं अतिथि।

मेरठ/मोदीनगर। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह ने किया। मुख्य अतिथि माधवपुरम के सभासद दीपक वर्मा रहे। नोडल अधिकारी राकेश ढल ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने 381 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए...

बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ हिंदी दिवस मनाया

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस मनाया

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिविर का तीसरा दिन

शो में दिखाया हुनर का जलवा

कार्यक्रम में मौजूद रोटरी क्लब की सदस्य।

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को रोटरी क्लब मेरठ... कौशल केंद्र की छात्राओं का... छात्राओं ने अपनी प्रतिभा...

संविधान निर्माता के निर्वाण दिवस पर विविध आयोजन

काजल मिस फ्रेशर, खुशी सिंह बनीं रनरअप

फ्रेशर पार्टी के दौरान मौजूद छात्राएं।

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में नवागत छात्राओं के स्वागत के लिए वरिष्ठ छात्राओं द्वारा...

ट्रैक सूट प्राप्त कर महाविद्यालय की छात्राओं के खिले चेहरे

मेरठ में आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ सत्र 2023-24 की प्रथम बैठक का आयोजन

बीएड की नव प्रवेशित छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित

प्रतियोगिता का आयोजन

भास्कर ब्यूरो

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, माधवपुरम, मेरठ में विभागीय परिषद के अंतर्गत गणित विभाग द्वारा शीर्षक पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर मानसी और आरती द्वितीय स्थान पर प्रिया और दिव्यांशी शर्मा एवं तृतीय स्थान पर पूजा वर्मा और अंशु रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) अंजू सिंह ने छात्राओं को बधाई दी एवं उनको उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अमित कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ सोनल, डॉ शरद पंवार, डॉ राजीव, डॉ ज्योति चौधरी एवं डॉ डेजी वर्मा उपस्थित रहे।

टूडेंट्स को बांटे स्मार्ट फोन

EERUT : शहीद मंगल पांडे राजकीय गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद ...ा सशक्तिकरण योजना के तहत मोबाइल बांटे गए. स्टूडेंट्स को मुख्य अतिथि ...भासद दीपक वर्मा ने स्टूडेंट्स को स्मार्ट फोन बांटे. कार्यक्रम का आरंभ ...सिपल प्रो. अंजू सिंह ने दीप प्रज्जवलित किया. कार्यक्रम नोडल अधिकारी ...केश ढल ने मुख्य अतिथि का कॉलेज में स्वागत किया. मुख्य अतिथि ने ...लेज में रजिस्ट्रर बीए की 175, बीकॉम में 60 बीएससी में 62 एवं में बीएड 8 ...छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया. कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राकेश ...न ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं कॉलेज के समस्त प्राध्यापक कार्यक्रम

...विकास की ओर बढ़ता भारत

...गल पांडे राजकीय म... ...लय द्वारा शैक्षणिक भ...



# डॉ० सर्वपल्ली राधक्रृष्णन

- पुस्तकें वो साधन है जिनके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों के बीच पुल का निर्माण कर सकते हैं ।

- शिक्षा का परिणाम एक मुक्त रचनात्मक व्यक्ति होना चाहिए, जो एतिहासिक परिस्थितियों एवं प्राकृतिक आपदाओं के विरूद्ध लड़ सके ।

- मनुष्य को सिर्फ तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि आत्मा की महानता प्राप्त करने की भी जरूरत है ।

- शिक्षा का उद्देश्य शिक्षित समाज का निर्माण करना होना चाहिए, जिसमें स्वतंत्रता के साथ अनुशासन भी हो ।

- शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे।

- कोई भी आजादी तब तक सच्ची नहीं होती जब तक उसे विचार की आजादी प्राप्त न हो । किसी भी धर्मिक विश्वास या राजनीतिक सिद्धान्त को सत्य की खोज में बाधा नहीं डालनी चाहिए ।

- शिक्षा के द्वारा मानव मस्तिष्क का सद्पयोग किया जा सकता है । अत: विश्व को एक ही इकाई मानकर शिक्षा का प्रबंधन करना चाहिए ।

- किताबें पढ़ना हमें एकांत में विचार करने की आदत और सच्ची खुशी देती है ।